भारत सरकार

भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय

भारी उद्योग विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3516

जिसका उत्तर सोमवार, 04 अगस्त, 2014 को दिया जाना है

पूंजीगत वस्तु उद्योग को प्रोत्साहन

3516. श्री एन. क्रिष्टप्पा:

श्री बी. श्रीरामुलु:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने पूंजीगत वस्तु क्षेत्र में आयात को कम करने के उद्देश्य से सार्वजनिक क्षेत्र के उद्योगों को सुदृढ़ बनाने के लिए कोई योजना तैयार की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का विचार वर्तमान पंचवर्षीय योजना में पूंजीगत वस्तु उद्योग हेतु आधुनिक औद्योगिक पार्कों को विकसित करने का है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या इस संबंध में कोई व्यवहारिक अध्ययन किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री

(श्री पोन्. राधाकृष्णन)

(क): जी, नहीं।

(ख): लागू नहीं।

(ग): जी, हां।

(घ): भारतीय केपिटल गुड्स सेक्टर में प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने की एक स्कीम सरकार के विचाराधीन है। यह स्कीम आर्थिक कार्य संबंधी मंत्रिमंडल समिति द्वारा अभी अनुमोदित की जानी है। इस स्कीम में, अन्य के साथ-साथ, सार्वजनिक निजी भागीदारी के माध्यम से ₹400 करोड़ की लागत से एक औद्योगिक मशीन उपकरण पार्क स्थापित करने की परिकल्पना की गई है।

(ङ): जी, नहीं।

*****